373
17/8/20

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा।

दिनांक 20 जुलाई 2020 को आयोजित आयोजना मंडल की 16वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के आयोजना मंडल की 16वीं बैठक दिनांक 20 जुलाई 2020 को विश्वविद्यालय के मुख्यालय स्थित ई0एम0पी0सी0 भवन में मध्यान्ह पूर्व 11.15 बजे आयोजित की गई। बैठक में निम्न सदस्य आनलाइन माध्यम से उपस्थित हुए :–

1.	प्रो0 आर.एल. गोदारा , कुलपति,वमखुविवि, कोटा	अध्यक्ष
2.	प्रो0 आर0सी0 कुहाड़,कुलपंति केन्द्रीय वि0वि0 हरियाणा।	सदस्य
3.	प्रो0 जे0एस0 संधु, कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि वि0वि0 जोबनेर।	सदस्य
4.	श्री विनु मेहता, प्रसिडेंट एवं बिजनेस हैड (फर्टिलाइज़ल एवं सीमेंट)डी.सी.एम. श्रीराम, कोटा।	सदस्य
5.	डा0 मोहम्द नईम,(प्रतिनिधी– उच्च शिक्षा सचिव)	सदस्य
6.	प्रो0 बी0 अरूण कुमार,निदेशक, योजना एवं विकास,वमखुविवि,कोटा	सदस्य
7.	श्री एस0डी0मीना, कुलसचिव, वमखुविवि, कोटा	सदस्य सचिव

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय द्वारा निर्वतमान सदस्यगणों प्रो0 शुभ शंकर, प्रो0 जी0एल0 केशवा, श्री के0के0 कौल, प्रो0 एल0 आर0 गुर्जर एवं प्रो0 दिनेश गुप्ता का कार्यकाल पूर्ण होने पर उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं नवनियुक्त सदस्यों प्रो0 आर0सी0 कुहाड़, प्रो0 जे0एस0 संधु, श्री विनु मेहता का स्वागत करने के उपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्यसूची में वर्णित प्रस्तावों को सदन के पटल पर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

कुलसचिव द्वारा बिंदुवार प्रस्तावों से सदन को अवगत करवाया गया एवं प्रस्तावों पर निम्नानुसार निर्णय लिए गए:–

17/8/20

16/01 आयोजना मंडल की 15वीं बैठक दिनांक 30 जून 2016 के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन का प्रस्ताव।

कार्यसूची विवरण के साथ संलग्न ओयाजना मंडल की 15वीं बैठक के कार्यवाही विवरण को सदन द्वारा अनुमोदित किया गया।

16/02 आयोजना मंडल की 15वीं बैठक दिनांक 30 जून 2016 में लिए गए निर्णयों का अनुपालना प्रतिवेदन पुष्टि हेतु।

सदन द्वारा आयोजना मंडल की 15वीं बैठक के निर्णयों की पालना में की गई कार्यवाही की पुष्टि की गई ।

16/03 विश्वविद्यालय के मुख्यालय स्थित परिसर में विभिन्न भवनों के नव निमार्ण/विस्तार सम्बन्धी प्रस्ताव।

प्रस्तावित भवनों के निमार्ण/विस्तार सम्बन्धी प्रस्तावों का अवलोकन करते हुए सदन द्वारा राजभवन के निर्देशुनसार करवाए जाने वाले विस्तार/नव निमार्ण के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया एवं इसके अतिरिक्त शेष अन्य प्रस्तावों के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के सीमित वित्तिय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित भवनों की उपयोगिता एवं आवश्यकता के आधार पर प्राथमिकताऐं निर्धारित करने के साथ ही नियमानुसार निमार्ण सम्बन्धी आगामी कार्यवाही किए जाने के निर्देश के साथ प्रस्तावों को भी सैद्वान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई ।

उक्त चर्चा उपरांत माननीय कुलपति महोदय द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय को परीक्षा आयोजन के लिए राजकीय महाविद्यालयों/विद्यालयों पर निर्भर रहना पड़ता है एवं वर्तमान कोविड संक्रमण के बाद ऑनलाइन परीक्षा के निर्देश भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राज्य सरकार से प्राप्त हो रहे है, इन्हें ध्यान में रखते हुए मुख्यालय पर एक परीक्षा भवन अलग से बनाया जाना प्रस्तावित है जिसमें छात्रों की ऑनलाइन / आफ लाइन परीक्षा आयोजित की जा सके, सदन द्वारा माननीय कुलपति महोदय के प्रस्ताव से सहमति व्यक्त करते हुए परीक्षा भवन के निमार्ण के लिए सैद्वान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई।

उक्त निर्णयों उपरांत आसन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक समाप्त घोषित की गई।

17/8/20

(शंभू दयाल मीना)
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव
आयोजना मंडल